# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**27 June 2026**

Yesterday, Quiz:

# Q. हाल ही में 19 जून को राजस्थान के किस शहर को दुनिया के 20 सर्वश्रेष्ठ कला और सांस्कृतिक शहरों में 18वां स्थान मिला।?

(A) जोधपुर
(B) जयपुर
(C) उदयपुर
(D) इनमें से कोई नही

19 जून को जयपुर शहर को दुनिया के 20 सर्वश्रेष्ठ कला और सांस्कृतिक शहरों में 18वां स्थान मिला।

इस लिस्ट में लंदन पहले नंबर पर है और जयपुर भारत का एकमात्र शहर है, जिसने टॉप 20 में जगह मिली है।

ये रैंकिंग लंदन स्थित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'टाइम आउट' ने जारी की है।

▪ये रैंकिंग शहरों की सांस्कृतिक विरासत, संग्रहालयों और कला कार्यक्रमों के आधार पर दी जाती है।

▪जयपुर में ब्लू पॉटरी, ब्लॉक प्रिंटिंग जैसे पारंपरिक हस्तशिल्प और ऐतिहासिक स्मारक जैसे हवा महल और सिटी पैलेस मौजूद

## Yesterday Revision

01. भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड टीम में भारतीय मूल के जय मूंदड़ा खेलेंगे, जय मूंदड़ा भारतीय मूल के हैं और उन से के टोंक जिले से है

02. बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मंथन के उद्देश्य से लिव4फ्रीडम एलएलपी की ओर से 5वें रॉयल रणथंभौर इंटरनेशनल टाइगर वीक  का आयोजन 26 से 28 जून तक सवाई माधोपुर के आमाघाटी वाइल्डलाइफ रिजॉर्ट और कैसल झूमर बावड़ी में किया जाएगा।

03. नीति आयोग की भारत में स्कूल शिक्षा प्रणाली पर जारी रिपोर्ट-2026 में राज्य सरकार के 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान'  को देश की सर्वश्रेष्ठ बेस्ट प्रैक्टिसेज में से एक माना गया है।

04. राजस्थान के बालोतरा में बने पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 जुलाई को करेंगे

05. हाल ही में 19 जून को राजस्थान के जयपुर शहर को दुनिया के 20 सर्वश्रेष्ठ कला और सांस्कृतिक शहरों में 18वां स्थान मिला, ये रैंकिंग लंदन स्थित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'टाइम आउट' ने जारी की है।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को वैश्विक अवार्ड से सम्मानित किया है।

(B) राजस्थान और अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के बीच स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता हुआ है।

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के कोयला आधारित बिजली घरों द्वारा रिकॉर्ड स्तर पर बिजली उत्पादन करने पर 'मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को वैश्विक अवार्ड से सम्मानित किया है।

- प्रदेश की 7580 मेगावाट क्षमता की सभी 23 थर्मल इकाइयों से गत 2 जून 2026 को 94.60 प्रतिशत यूटिलाइजेशन के साथ रिकॉर्ड 7171 मेगावाट विद्युत उत्पादन दर्ज किया गया, जो राज्य के इतिहास में मील का पत्थर है
- राजस्थान और अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के बीच स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता हुआ है।
- राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (RERC), कैलिफोर्निया ऊर्जा आयोग (CEC) और कैलिफोर्निया पब्लिक यूटिलिटीज कमीशन (CPUC) के बीच सहमति पत्र (MoI) पर वर्चुअल साइन हुए हैं।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) ) छोटे और मध्यम उद्योगों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने और उन्हें तकनीकि रूप से मजबूत करने के लिए रामप (Raising and Accelerating MSME Performance) पोर्टल की शुरुआत होगी

(2) अंतरराष्ट्रीय MSME दिवस के अवसर पर 27 जून को राज्य स्तरीय मेगा कार्यक्रम आयोजित होगा

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में छोटे और मध्यम उद्योगों (MSMEs) को एक नई ऊंचाई पर ले जाने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रही है।
- अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर शनिवार को जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक भव्य और राज्य स्तरीय मेगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- कार्यक्रम में छोटे और मध्यम उद्योगों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने और उन्हें तकनीकी रूप से मजबूत करने के लिए रामप (Raising and Accelerating MSME Performance) पोर्टल की शुरुआत की जाएगी।


**03.राजस्थान में कहां पर स्थित कोटि महादेव मंदिर में 18 फीट ऊंचा विशाल शिवलिंग स्थापित किया जाएगा?**

(A) नाथद्वारा

(B) आबूराज

(C) तलवाड़ा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- सिरोही जिले के माउंट आबू (आबूराज) में कोटि महादेव मंदिर में 18 फीट ऊंचा विशाल शिवलिंग स्थापित किया जाएगा, जिसे 3 फीट ऊंचे चबूतरे पर बनाया जाएगा। इस प्रकार मंदिर की कुल ऊंचाई लगभग 21 फीट होगी।
- मंदिर परिसर में एक करोड़ शिवलिंग स्थापित किए जाएंगे, जिससे श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर करोड़ों शिवलिंगों के दर्शन और पूजन का अवसर मिलेगा।
- राजस्थान का एकमात्र और सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशन, माउंट आबू, अब आधिकारिक तौर पर आबूराज के नाम से जाना जाता है

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) धरती आबा जनभागीदारी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर रहा।

(2) इस अभियान के तहत राज्य के 37 जिलों के 207 विकास खंडों में 6019 ग्रामों को विकसित किया जाने का लक्ष्य रखा गया है।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- धरती आबा जनभागीदारी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर रहा।
- राजस्थान के जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी द्वारा उदयपुर जिले के कोटड़ा ब्लॉक में 'धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान' का शुभारम्भ जून, 2025 में किया गया।
- राजस्थान में जनजाति को सशक्त बनाना, उनके जीवन स्तर में सुधार लाना तथा सरकारी योजन लाभ ग्रामीण जनजाति परिवारों त पहुंचाना।
- इस अभियान के तहत राज्य के 37 जिलों के 207 विकास खंडों में 6019 ग्रामों को विकसित किया जाने का लक्ष्य रखा गया है।

05. हील इन राजस्थान नीति-2025 के तहत कौनसा पोर्टल और मोबाइल एप विकसित किया जा रहा है,?

(A) हील पोर्टल और एप

(B) सीवीटी पोर्टल और एप

(C) एमवीटी पोर्टल और एप

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- ‘हील इन राजस्थान’ के तहत एमवीटी पोर्टल और मोबाइल एप विकसित किया जा रहा है, जिससे मरीजों को उपचार संबंधी सभी आवश्यक जानकारियां एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जा सकेगी।
- ’हील इन राजस्थान नीति-2025’ के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार मजबूत संस्थागत तंत्र विकसित कर रही है।
- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति तथा चिकित्सा शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में तकनीकी समिति गठित की गई है।
- राजस्थान मंत्रिमंडल ने 14 जुलाई 2025 को ‘हील इन राजस्थान नीति-2025’ (Medical Value Travel Policy) के प्रारूप को मंजूरी दी थी। दिसंबर 2025 में राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इसे आधिकारिक रूप से लॉन्च

जयपुर, गुरुवार, 25 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-126

1. **संयुक्त** राष्ट्र संघ द्वारा 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में घोषित कराने की पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में किस वर्ष की थी?
   (A) वर्ष 2014
   (B) वर्ष 2015
   (C) वर्ष 2016
   (D) वर्ष 2019

2. **औपनिवेशिक** सोच से मुक्त कर भारतीय मूल्यों से जोड़ने के तहत 'राजभवन' को नया नाम क्या दिया गया है?
   (A) सेवा तीर्थ
   (B) लोकभवन
   (C) कर्तव्य भवन
   (D) भारत भवन

3. **सिरोही** के आबूराज में कौनसी झील स्थित है?
   (A) पिछोला झील
   (B) नक्की झील
   (C) आनासागर झील
   (D) पुष्कर झील

4. **हाल** ही में (21 जून, 2026) केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में किस स्टेशन से 'जयपुर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस' का शुभारंभ किया?
   (A) जयपुर जंक्शन
   (B) गांधीनगर रेलवे स्टेशन
   (C) खातीपुरा रेलवे स्टेशन
   (D) दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत उदयपुर जिले की उपज कौन सी है?
   (A) लहसुन
   (B) मक्का
   (C) सीताफल
   (D) संतरा

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान से संबंधित भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार गोलकीपर सविता पूनिया को कौनसा पुरस्कार मिला है?**

(A) पद्म भूषण

(B) पद्म श्री

(C) पद्म विभूषण

(D) इनमें से कोई नही

GK
Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine